# स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्ति वितरित

**एक्सआईएसएस**

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) में मंगलवार को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में निदेशक डॉ फादर मरियानुस कुजूर ने झंडोतोलन किया। उन्होंने कहा कि हम सब- देश प्रथम, सदैव प्रथम के नारे के प्रति अपने समर्पण को दोहराते हैं।

यह स्वतंत्रता दिवस हमारे मजबूत, एकत्रित राष्ट्र के प्रति हमारे समर्पण को प्रेरित करता है। मौके पर संस्थान के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट,

- 7,60,000 रुपये तीन संस्थागत छात्रवृति छात्रों के बीच बांटी गई
- निदेशक डॉ फादर मरियानुस कुजूर ने झंडोतोलन किया

फाइनेंशियल मैनेजमेंट और मार्केटिंग मैनेजमेंट कार्यक्रमों के 24 विद्यार्थियों के बीच 7,60,000 रुपये की तीन संस्थागत छात्रवृत्तियां भी बांटी गई। इनमें एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए फादर माइकल वैन डेन बोगर्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 50,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 40,000 रुपये), फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के मेधावी छात्रों के लिए (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 20,000 रुपये) और फादर लुइस प्रेंकिन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 20,000 रुपये) के लिए शामिल हैं।



एक्सआईएसएस में स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्ति बांटी गई। • हिन्दुस्तान

## Press : Hindustan



**एक्सआइएसएस रांची :** निदेशक डॉ जोसेफ मरियानूस कुजूर एसजे ने ध्वजारोहण किया. विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये. 24 छात्रों को 7.6 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गयी. विभिन्न चारों संकाय के चार-चार छात्रों को रैंक वन और रैंक टू श्रेणी में छात्रवृत्ति दी गयी.

**Press : Prabhat Khabar**

रांची 17-08-2023

# एक्सआईएसएस: 24 छात्रों के बीच 7,60,000 रुपए की संस्थागत छात्रवृत्ति बांटी गई

रांची| एक्सआईएसएस रांची में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट व मार्केटिंग मैनेजमेंट कार्यक्रमों के 24 छात्रों के बीच 7,60,000 रुपए की तीन संस्थागत छात्रवृत्तियां भी बांटी गईं। इनमें एससी, एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए फादर माइकल वैन डेन बोगर्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 50,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 40,000 रुपये), फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के मेधावी छात्रों के लिए (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप ( 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी 4 छात्रों को 20,000 रुपये मिले।

**Press : Dainik Bhaskar**

# एक्सआईएसएस में स्वतंत्रता दिवस

**रांची :** जेवियरसमाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) ने 77वां स्वतंत्रता दिवस संस्थान परिसर में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत, निदेशक एक्सआईएसएस, द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, और इसके बाद राष्ट्रगान हुई। संस्थान के सभी फैकल्टी, स्टाफ, एवं छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



**Press : Sanmarg**

संकल्प

## एक्सआईएसएस, रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

# दुर्गम रास्ते में हम एकता की भूमिका का सम्मान करते हैं : फादर एसजे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस),रांची ने 15 अगस्त, मंगलवार को देश प्रेम की भावना और गर्व के साथ 77वां स्वतंत्रता दिवस संस्थान परिसर में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत,निदेशक एक्सआईएसएस, द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, औरइसके बाद राष्ट्रगान हुआ। संस्थान के सभी फैकल्टी, स्टाफ, एवं छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। एक्सआईएसएस के निदेशक, डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे, ने अपने भाषण में कहा, हमारे 77वें स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम सब 'देश प्रथम, सदैव प्रथम' ने नारे के प्रति अपने समर्पण को दोहराते हैं। हमारी प्रगति के इस दुर्गम रास्ते में हम एकता की भूमिका का सम्मान करते हैं जिसने हमारे अतीत और वर्तमान में हमारी भूमिका को और सुदृढ़ किया है। पिछले 77 वर्षों में देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान और जीडीपी आदि जैसे क्षेत्रों में वृद्धि हुई है, किन्तु हमारी देश की सफल यात्रा के लिए इन संख्याओं से कुछ अधिक की आवश्यकता है वह है अटूट समर्पण और साझा उद्देश्य की आवश्यकता। शिक्षा में पिछले वर्ष से 12% की वृद्धि और 7-8% जीडीपी की वृद्धि के साथ, हमारी यात्रा को इन अंकों से कुछ और ज्यादा चाहिए हमें चाहिए अटल समर्पण और एकसाझा उद्देश्य, देश को और नयी उंचाईयों पर पहुंचाने का। हमआत्म-विश्वास, अधिकार और कर्तव्य की सर्वोत्तमता को बढ़ावा देते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति,जॉन केनेडी के शब्दों में, वह मत पूछो कि देश ने तुम्हारे लिए क्या किया है, बल्कि यह सोचो की तुमने देश के लिए क्या किया है। वह स्वतंत्रता दिवस हमारे मजबूत, एकत्रित राष्ट्र केप्रति हमारे समर्पण को प्रेरित करता है। जय हिंद।

झंडोतोलन के पश्चात मार्केटिंग मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा एक देशभक्ति गीत,एक नृत्य और एक स्किट प्रस्तुत किया गया। स्किट में अभिनय के माध्यम से छात्रों ने मातृभूमि के साथ हमारे अटूट बंधन पर प्रकाश डाला। इसी आयोजन के दौरान संस्थान के मनरिसोर्स मैनेजमेंट, रूरलमैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, और मार्केटिंग मैनेजमेंट कार्यक्रमों के 24 छात्रों के बीच 7,60,000 रुपये की तीन संस्थागत छात्रवृत्तियां भी बांटी गईं। इनमें एससी/ एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए फादर माइकल वैनड नबोगर्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 50,000 रुपये, दूसरी रैंक-4 छात्रों को 40,000 रुपये), फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के मेधावी छात्रों के लिए (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 20,000 रुपये) और फादर लुइस प्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 20,000 रुपये) के लिए शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन मार्केटिंग मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा डॉ भवानी प्रसाद महापात्रा, कार्यक्रम प्रमुख, मार्केटिंग मैनेजमेंट और अन्य फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया था।

**Press : Rashtriya Navin Mail**